aglasem.com

FOR RAJASTHAN CLASS 12 PREPARATION

Rajasthan Board 12th Model Paper 2027 Sociology

EXAM	YEAR	TYPE	SUBJECT
Rajasthan Class 12	2027	Sample Paper	Sociology

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर

प्रस्तावित प्रश्न–पत्र प्रारूप (Design) सत्र 2026–2027

(उच्च माध्यमिक स्तर के विषयों के लिए)

कक्षा – 12 विषय :– समाजशास्त्र समय : 3:15 घण्टे पूर्णांक–80

1. उद्देश्य हेतु अंक भार –

योग्यताएं	उद्देश्य	अंक भार	प्रतिशत
Awareness जागरूकता	ज्ञान (Knowledge)	14	17.50
	निर्माणात्मक समझ (Understanding of the Construct)	13	16.25
	प्रक्रिया की समझ– (Understanding of the Process)	13	16.25
संवेदनशीलता Sensitivity	संघर्ष समाधान (Conflict Resolution)	7	8.75
	व्यापक / उदार मानसिकता (Open Mindedness)	6	7.50
	सहयोग / योगदान (Collaboration)	7	8.75
सृजनात्मकता Creativity	नवाचारी विचार उत्पन्न करना (Generate Innovative Ideas)	6	7.50
	लचीलापन (Flexibility)	2	2.50
	प्रवाहशीलता (Fluency)	2	2.50
	अन्वेषण (Exploration)	4	5.00
	विचारों एवं अवधारणाओं का मिलान (Combining Ideas & Concepts)	6	7.50
Total		80	100

2 प्रश्नों के प्रकार व अंकभार –

खण्ड.	प्रश्नों का प्रकार	प्रश्नों की	अंक प्रति	कुल अंक	प्रतिशत	करने के
अ	वस्तुनिष्ठ प्रश्न	16	1	16	20	16
ब	अतिलघूत्तरात्मक	6	2	12	15	12
स	लघूत्तरात्मक	8	3	24	30	24
द	दीर्घोत्तरीय एवं स्रोत / प्रकरण / घटना / चित्र / क्रियाविधि / ग्राफ आधारित प्रश्न आदि	4	4	16	20.0	86
	निबन्धात्मक / मानचित्र आधारित प्रश्न आदि	2	6	12	15.0	42
	योग	36		80	100	180
प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित समय						15
कुल समय						195

नोटः–प्रश्न पत्र निर्माता न्यूनतम दो केस आधारित *(Case Based)* प्रश्न अनिवार्य रूप से देवें

3. प्रश्नों के उद्देश्य के आधार पर भारात्मक अनुपात –

योग्यताएं / क्षमताएं	जागरूकता	संवेदनशीलता	सृजनात्मकता
प्रश्नों की संख्या			
प्रतिशत	50	25	25

4. प्रश्नों के काठिन्य स्तर के आधर पर भारात्मक अनुपात –

कठिनाई स्तर	सरल	मध्यम	कठिन
प्रश्नों की संख्या			
प्रतिशत	25	50	25

BSER

5. ईकाई एवं अध्यायवार अंकभार –

क्र.सं.	पाठ्यक्रम के अनुसार इकाई एवं अध्याय विवरण	पाठ्यक्रम में निर्धारित अंकभार	प्रतिशत
1	भारतीय समाज की जनसांख्यिकीय संरचना	8	10
2	सामाजिक संस्थांए निरंतरता एवं परिवर्तन	6	7.5
3	बाजार एक सामाजिक संस्था के रूप में	6	7.5
4	सामाजिक विषमता एवं बहिष्कार के स्वरूप	7	8.75
5	सांस्कृतिक विविधता की चुनौतिया	7	8.75
6	संरचनात्मक परिवर्तन	5	6.25
7	सांस्कृतिक परिवर्तन	6	7.5
8	संविधान एवं सामाजिक परिवर्तन	6	7.5
9	ग्रामीण समाज में विकास एवं परिवर्तन	6	7.5
10	औधोगिक समाज में परिवर्तन और विकास	6	7.5
11	भूमण्डलीकरण और सामाजिक परिवर्तन	5	6.25
12	जनसंपर्क साधन और जन संचार	6	7.5
13	सामाजिक आन्दोलन	6	7.5

BSER

मॉडल प्रश्न पत्र ब्ल्यू प्रिन्ट 2026–2027

कक्षा – 12 विषय :– समाज शास्त्र समय 3 घण्टे 15 मिनिट पूर्णांक – 80

क्र. सं.	क्षमताएं / उद्देश्य / प्रश्नों के प्रकार	जागरूकता (AWARENESS)												संवेदनशीलता (SENSITIVITY)												रचनात्मकता (CREATIVITY)																अंकों का योग
		ज्ञान				निर्माणात्मक समझ				प्रक्रिया की समझ				संघर्ष समाधान				व्यापक उदार				सहयोग				नवीन विचार				लचीलापन				प्रवाहशीलता				अन्वेषण				अभिव्यक्ति का संयोजन				
		वस्तुनिष्ठ	अति लघुत्तरीय	लघुत्तरीय	दीर्घ उत्तरीय	वस्तुनिष्ठ	अति लघुत्तरीय	लघुत्तरीय	दीर्घ उत्तरीय	वस्तुनिष्ठ	अति लघुत्तरीय	लघुत्तरीय	दीर्घ उत्तरीय	वस्तुनिष्ठ	अति लघुत्तरीय	लघुत्तरीय	दीर्घ उत्तरीय	वस्तुनिष्ठ	अति लघुत्तरीय	लघुत्तरीय	दीर्घ उत्तरीय	वस्तुनिष्ठ	अति लघुत्तरीय	लघुत्तरीय	दीर्घ उत्तरीय	वस्तुनिष्ठ	अति लघुत्तरीय	लघुत्तरीय	दीर्घ उत्तरीय	वस्तुनिष्ठ	अति लघुत्तरीय	लघुत्तरीय	दीर्घ उत्तरीय	वस्तुनिष्ठ	अति लघुत्तरीय	लघुत्तरीय	दीर्घ उत्तरीय	वस्तुनिष्ठ	अति लघुत्तरीय	लघुत्तरीय	दीर्घ उत्तरीय	
	इकाई / अध्याय																																									
1	भारतीय समाज की जनसांख्यिकीय संरचना	1(1)		23(3)				30(3)		2(1)																																8
2	सामाजिक संस्थाएं निरंतरता एवं परिवर्तन	3(1)					17(2)																															24(3)*				6
3	बाजार एक सामाजिक संस्था के रूप में																			35(6)*																						6
4	सामाजिक विषमता एवं बहिष्कार के स्वरूप	4(1)				13(1)						25(3)			18(2)																											7
5	सांस्कृतिक विविधता की चुनौतिया	16(1)																								36(6)*																	7
6	संरचनात्मक परिवर्तन					5(1)																		34(4)*																			5
7	सांस्कृतिक परिवर्तन												33(4)*																	19(2)												6
8	संविधान एवं सामाजिक परिवर्तन		20(2)			6(1)																																	26(3)		6
9	ग्रामीण समाज में विकास एवं परिवर्तन																															2(2)				7(1)			27(3)		6
10	औधोगिक समाज में परिवर्तन और विकास	8(1)	22(2)									28(3)																														6
11	भूमण्डलीकरण और सामाजिक परिवर्तन								32(4)*					9(1)																													5
12	जनसंपर्क साधन और जन संचार	10(1)				11(1)				14(1)														29(3)*																			6
13	सामाजिक आन्दोलन	12(1)								15(1)						31(4)*																											6
	कॉलम के अंको का योग	7	4	3		4	2	3	4	3		6	4	1	2		4			6				7				6				2				2				1		3				6		
	उद्देश्यानुसार कुल योग	14				13				13				7				6				7				6				2				2				4				6			80
	कुल योग (क्षमताएं)	40												20												20																			

1. (*) आंतरिक विकल्प

2. कोष्ठक के बाहर दी गई संख्या "प्रश्न क्रमांक" है तथा कोष्ठक के अंदर की संख्या "अंक" को दर्शाती है।

3. उक्त ब्ल्यू प्रिंट मॉडल प्रश्न पत्र का है जो प्रश्नों के प्रकारों का समझने की सुविधा मात्र के लिए है। मूल परीक्षा के प्रश्न पत्र का ब्ल्यू प्रिंट अलग हो सकता है।

BSER

उच्च माध्यमिक परीक्षा, 2026-2027
Senior Secondary Examination, 2026-2027
नमूना प्रश्न-पत्र
Model Question Paper
विषय - समाज शास्त्र
Sub : Sociology
कक्षा - 12वीं
Class : 12th
कोड - 29
Code : 29

खण्ड – अ
Section - A

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प उत्तर पुस्तिका में लिखिए।
Write the answer of the following questions in the given answer book.

1) भारत में सबसे कम लिंगानुपात वाला राज्य है। (2011 की जनगणना अनुसार)। **(1)**
अ) पंजाब **ब) राजस्थान**
स) हरियाणा **द) जम्मू और कश्मीर**
The state with the lowest sex ratio in India (according to the 2011 Census) is —
A) Punjab **B) Rajasthan**
C) Haryana **D) Jammu and Kashmir**

2) ऐसे बुजुर्ग और बच्चे जो काम नहीं करते किस वर्ग में आते हैं? **(1)**
अ) विशेष वर्ग **ब) कार्यशील वर्ग**
स) पराश्रित वर्ग **द) निरक्षर वर्ग**
Elderly people and children who do not work fall into which category?
A) Special class **B) Working class**
C) Dependent class **D) Illiterate class**

3) वैदिक काल में वर्ण व्यवस्था के कितने विभाजन थे ? **(1)**
अ) पांच **ब) तीन**
स) दो **द) चार**
How many divisions existed in the Varna system during the Vedic period?
A) Five **B) Three**
C) Two **D) Four**

4) 'सत्य-शोधक समाज' की स्थापना की थी — **(1)**
अ) स्वामी दयानन्द सरस्वती ने **ब) राजा राम मोहन राय ने**
स) ज्योतिबा फुले ने **द) स्वामी विवेकानन्द ने**
'Satya-Shodhak Samaj' was founded by —
A) Swami Dayanand Saraswati **B) Raja Ram Mohan Roy**
C) Jyotiba Phule **D) Swami Vivekanand**

BSER

5) औद्योगिक ह्रास क्या है? (1)

अ) कुछ पुराने परम्परागत नगरीय केन्द्रों का पतन ब) उत्पादन व निर्माण में गिरावट आना

स) ग्रामीण संगठनों और कारीगरों के व्यापार का विघटन द) उपर्युक्त सभी

What is de-industrialization?

A) Decline of traditional old urban handicraft centres B) Decline in production and manufacturing

C) Disruption of rural organizations and artisan trades D) All of the above

6) पंचायतीराज संस्था में कितने स्तरीय व्यवस्था है? (1)

अ) दो ब) पांच

स) चार द) तीन

How many tiers exist in the Panchayati Raj system?

A) Two B) Five

C) Four D) Three

7) असम में नव वर्ष में कौन सा त्योहार मनाया जाता है? (1)

अ) पोंगल ब) बीहू

स) बैसाखी द) उगाडी

Which festival is celebrated as the New Year in Assam?

A) Pongal B) Bihu

C) Baisakhi D) Ugadi

8) भारत में कितने प्रतिशत लोग तृतीयक क्षेत्र में कार्यरत हैं? (1)

अ) 50 प्रतिशत ब) 25 प्रतिशत

स) 23 प्रतिशत द) 30 प्रतिशत

What percentage of people in India are employed in the tertiary sector?

A) 50 Percent B) 25 Percent

C) 23 Percent D) 30 Percent

9) सरकार की आर्थिक नीतियों में खुले बाजार की ओर परिवर्तन को क्या कहा जाता है — (1)

अ) भूमण्डलीकरण ब) उदारीकरण

स) निजीकरण द) पश्चिमीकरण

A change in the economic policies of the government towards open markets is called —

A) Globalization B) Liberalization

C) Privatization D) Westernization

10) 'केसरी' किस भाषा का समाचार पत्र है? (1)

अ) गुजराती ब) बंगाली

स) मराठी द) हिन्दी

In which language was the newspaper "Kesari" published?

A) Gujarati B) Bengali

C) Marathi D) Hindi

11) हैम ब्राडकांस्टिक क्लबो के जरिए भारत में रेडियो प्रसारण कब शुरू हुआ ? (1)

अ) 1950 ब) 1920

BSER

स) 1930 द) 1960

When did radio broadcasting start in India by Hem broadcasting clubs.

A) 1950 **B) 1920**

C) 1930 **D) 1960**

12) 'एटक' (AITUC) का पूरा नाम क्या है? (1)

अ) ऑल इण्डिया ट्रक यूनियन ब) ऑल इण्डिया ट्रेड यूनियन कॉंग्रेस

स) ऑल इण्डिया ट्रेड कल्चर द) ऑल इण्डिया ट्रेड मार्क

What is the full form of AITUC?

A) All India Track Union **B) All India Trade Union Congress**

C) All India Trade Culture **D) All India Trade Mark**

13) भारतीय संविधान के अनुच्छेद .....में अस्पृश्यता का उन्मूलन किया गया है। (1)

अ) अनुच्छेद 16 ब) अनुच्छेद 17

स) अनुच्छेद 15 द) अनुच्छेद 18

Untouchability has been abolished under Article _____ of the Indian Constitution.

A) Article 16 **B) Article17**

C) Article15 **D) Article 18**

14) भारत में स्वतंत्रता प्राप्ति के समय आकाशवाणी (ए. आई. आर.) के पास _____ रेडियो स्टेशन थे। (1)

अ) 5 ब) 4

स) 6 द) 3

At the time of India's independence All India Radio had _____ radio stations in India.

A) 5 **B) 4**

C) 6 **D) 3**

15) राजा राम मोहन राय ने _____ प्रथा का विरोध किया। (1)

अ) देहज प्रथा ब) सती प्रथा

स) बाल विवाह प्रथा द) पर्दा प्रथा

Raja Ram Mohan Roy opposed the practice of _____.

A) Dowry System **B) Sati Partha**

C)Bal Vibha Partha **D) Parda Partha**

16) भारतीय संविधान का शिल्पकार _____ को कहा जाता है। (1)

अ) डॉ. भीमराव अम्बेडकर ब) एम श्रीनिवासन

स) ज्योतिराव फुले द) महात्मा गांधी

_____ is known as the architect of the Indian Constitution.

A) Dr.BhimRov Ambedkar **B) M Shrinivasan**

C) Jyotirov phule **D) Mahatam Gandhi**

BSER

खण्ड – ब
Section - B

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न: निम्न प्रश्नों के उत्तर 20-30 शब्दों में दीजिए।
Very short answer type questions: Answer the following questions in about 20-30 words.

17) मातृवंश और मातृतंत्र में दो अन्तर स्पष्ट कीजिए। **(1+1=2)**
What are two differences between Matriliny and Matriarchy?

18) जातीय विषमता को दूर करने के लिए अपनाई गई दो नीतियों का वर्णन कीजिए। **(1+1=2)**
Describe two policies adopted to eliminate caste inequality.

19) सामाजिक परिवर्तन से पुरानी पीढी एवं नई पीढी में संस्कृतिकरण एवं आधुनिकीकरण को लेकर कौन-कौन से बदलाव देखने को मिलते हैं ? **(1+1=2)**
Through social change, what changes are observed, in terms of sanskritization and modernization, between the older generation and the new generation?

20) पंचायतों की दो शक्तियाँ बताइए। **(1+1=2)**
State two powers of panchayats.

21) जमींदारी व्यवस्था के दो परिणाम लिखिए। **(1+1=2)**
Write two consequences of the zamindari system.

22) उदारीकरण ने रोजगार के प्रतिमानों को किस प्रकार प्रभावित किया है? कोई चार कारण लिखिए। **(1+1=2)**
In what way has liberalization affected patterns of employment? Give any four reasons.

BSER

खण्ड – स
Section - C

लघूत्तरात्मक प्रश्न : (उत्तर शब्द सीमा लगभग 30–50 शब्द)
Short answer type questions: (Answer word limit approx. 30-50 words)

23) जनसांख्यिकीय संक्रमण सिद्धांत में प्रथम अवस्था में जन्म व मृत्यु दर कैसी होती है,द्वितीय अवस्था में सबसे पहले कौन-सी दर घटती है तथा तृतीय अवस्था में दोनों दरों की क्या स्थिति होती है। **(1+1+1=3)**
In the theory of demographic transition, what is the birth and death rate trend in the first stage, which rate drops first in the second stage, and what happens to both rates in the third stage?

24) भारत में जन जातियों के वर्गीकरण में स्थायी व अर्जित विशेषकों की विवेचना कीजिए। **(1½+1½=3)**

Discuss the permanent and acquired traits in the classification of tribes in India.

अथवा / OR

उपनिवेश वाद के कारण जाति व्यवस्था में क्या क्या परिवर्तन आये।
What change come in the caste system due to colonialism?

25) सामाजिक स्तरीकरण की कोई तीन विशेषताएँ बताइये। (1+1+1=3)
State three characteristics of social Stratification.

26) सामाजिक न्याय को परिभाषित कीजिए, पंचायती राज को संवैधानिक दर्जा प्रदान करने वाले सं (73वाँ) संविधान संशोधन 1992 का उल्लेख कीजिए तथा सामाजिक असमानता दूर करने हेतु एक संवैधानिक मानदंड बताइए। (1+1+1=3)
Define Social Justice, identify the 73th Constitutional Amendment 1992 that granted constitutional status to Panchayati Raj, and mention one constitutional norm aimed at addressing social inequality.

27) स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद 1950 से 1970 के मध्य लागू किए गए भूमि सुधार कानूनों को संक्षेप में बताइये। (1+1+1=3)
Briefly explain the land reform laws implemented between 1950 and 1970 following independence.

28) इलेक्ट्रॉनिक अर्थव्यवस्था को परिभाषित कीजिए, इसे संचालित करने वाली एक प्रमुख तकनीक का उल्लेख कीजिए तथा वैश्विक व्यापार पर इसका मुख्य प्रभाव बताइए। (1+1+1=3)
Define Electronic Economy, mention one key technology that enables it, and state its primary impact on global trade.

29) प्रिन्ट मीडिया व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में तीन अन्तर बताइये। (1+1+1=3)
State three differences between print media and electronic media

अथवा / OR

जनसंचार के माध्यमों की तीन विशेषताएं लिखिए।
Write the three characteristics of mass communication media.

30) माल्थस के जनसंख्या वृद्धि सिद्धांत की किन्हीं तीन प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। (1+1+1=3)
State any three key features of Malthus's theory of population growth

खण्ड – द
Section - D

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न : (उत्तर शब्द सीमा लगभग 100–150 शब्द)
Long answer type questions: (Answer word limit approx. 100-150 words)

31) जन समाज में कोई पीड़ित महिला अपने साथ हुए अत्याचार या हिंसा के खिलाफ आवाज उठाती है तो हमारा समाज अक्सर उसकी मदद करने के बजाय उसके ही चरित्र,आचरण या पहनावे पर सवाल उठाने लगता है । एक संवेदनशील नागरिक

BSER

के रूप में हम पीड़िता के प्रति इस सामाजिक असंवेदनशीलता को खत्म करने और उसे बिना किसी न्याय-पूर्वाग्रह के समर्थन देने के लिए अपने विचार कैसे बदल सकते हैं?

(2+2=4)

When a victimized woman in society raises her voice against the injustice or violence done to her, instead of helping her, our society often starts questioning her character, behaviour, or attire. As a sensitive citizen, how can you change your views to eliminate this social insensitivity towards the victim and support her without any judicial bias or prejudice?

अथवा / OR

जब किसी क्षेत्र में बिजली और आधुनिक सुविधाओं (विकास) की जरूरत हो, लेकिन उसकी कीमत लाखों साल पुराने जंगलों और बेजुबान वन्य जीवों के विनाश के रूप में चुकानी पड़ रही हो, तो एक संवेदनशील समाज के रूप में हमें अपनी वास्तविक मानवीय जरूरतों और प्रकृति के मौन अस्तित्व के बीच संतुलन कैसे बनाना चाहिए?

When electricity and modern amenities (development) are needed in a region, but its cost is being paid in the form of the destruction of millions-of-years-old forests and voiceless wildlife, how should we, as a sensitive society, strike a balance between our immediate human needs and the silent existence of nature?

32) भूमण्डलीकरण के नवीन आयामों की विवेचना कीजिए।

(1+1+1+1=4)

Discuss the new dimensions of globalization.

अथवा / OR

भूमण्डलीकरण और डिजिटल तकनीक के कारण स्वदेशी शिल्प-कलाएं और पारम्परिक ज्ञान प्रणालियां विलुप्त होने के कगार पर पहुंच रही हैं। इनकी रक्षा के लिए हमारी नैतिक जिम्मेदारी क्या होनी चाहिए?

Due to globalization and digital technology, indigenous handicrafts and traditional knowledge systems are on the verge of extinction. What should be our moral responsibility to protect them?

33) संस्कृतिकरण और पश्चिमीकरण की अवधारणाओं को समझाइये।

(2+2=4)

Explain the concepts of sanskritization and westernization.

अथवा / OR

आधुनिकीकरण ओर पंथनिरपेक्षीकरण की अवधारणाओं को समझाइये।

Explain the concepts of Westernization and Secularization.

34) औद्योगीकरण और नगरीकरण ने एक ओर जहाँ आर्थिक विकास, नए रोजगार और आधुनिक सुविधाओं के द्वार खोले हैं, वहीं दूसरी ओर इसके कारण पर्यावरण ह्रास, कृषि योग्य भूमि का अधिग्रहण, झुग्गी बस्तियों का विस्तार और प्रवासियों का सामाजिक-आर्थिक शोषण भी हुआ है। इसे बिना नुकसान पहुंचाए सतत विकास कैसे सम्भव है?

(2+2=4)

Industrialization and urbanization have, on one hand, opened doors for economic development, new employment opportunities and modern amenities; on the other hand, they have also caused environmental

BSER

degradation, acquisition of agricultural land, expansion of slum settlements, and the social and economic exploitation of migrants. How is sustainable development possible without causing such damage?

अथवा / OR

औद्योगीकरण विविधता के साथ-साथ समानता को किस प्रकार लाता है, समझाइये।
Explain how industrialization brings about similarity along with diversity.

निर्देश : निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए।
Directions: Read the following passage carefully and choose the correct option for the questions given below.

35) पहाड़ियों और खेतों के बीच बसे छोटे से गांव कोलगांव में जीवन उस समय नाटकीय रूप से बदल गया, जब एक खनन कंपनी को पास की पहाड़ी से बॉक्साइट निकालने की अनुमति मिल गई। गांव वाले, जो जलावन लकड़ी, पशुओं के चरने की भूमि और पहाड़ी ढलानों से बहने वाली धाराओं के स्वच्छ पानी के लिए जंगल पर निर्भर थे, बड़े पैमाने पर होने वाले खनन के अपनी आजीविका पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर चिंतित हो उठे। शुरुआत में कुछ किसान गांव के बरगद के पेड़ के नीचे अनौपचारिक रूप से मिलकर अपनी चिंताएं साझा करने लगे। अगले कुछ महीनों में ये सभाएं एक सुव्यवस्थित अभियान में बदल गईं। गांव की एक शिक्षिका, मीनादेवी, एक स्वाभाविक नेता के रूप में उभरीं और उन्होंने गांव वालों को याचिकाएं लिखने तथा शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन आयोजित करने में मदद की। इस आन्दोलन ने "हमारी पहाड़ियां, हमारा जीवन" का नारा अपनाया और प्रस्तावित खनन स्थल के चारों ओर मानव श्रृंखला बनाई। उन्होंने पास के शहर के पत्रकारों और एक पर्यावरण वकील से भी संपर्क किया, जिन्होंने राज्य उच्च न्यायालय में मुकदमा दायर करने में उनकी मदद की। यद्यपि खनन कंपनी ने शुरू में इन विरोध प्रदर्शनों को एक अस्थायी परेशानी कह कर खारिज कर दिया, परन्तु लगभग दो वर्षों तक बने रहे निरंतर दबाव ने, कानूनी कार्रवाई के साथ मिलकर, अंततः सरकार को अपने निर्णय पर पुनर्विचार करने के लिए विवश कर दिया। कोलगांव का यह आन्दोलन दर्शाता है कि किस प्रकार साधारण ग्रामीण, संगठन और सामूहिक इच्छा शक्ति के माध्यम से, अपने जीवन को प्रभावित करने वाले निर्णयों को प्रभावित कर सकते हैं।
1. कोलगांव के ग्रामीणों में आन्दोलन का तात्कालिक कारण क्या था ?
2. गद्यांश के अनुसार आन्दोलन के एक प्रमुख नेता के रूप में कौन उभरा?
3. ग्रामीणों द्वारा पत्रकारों और पर्यावरण वकील से सहायता मांगना सामाजिक आन्दोलन की किस विशेषता को सर्वोत्तम रूप से दर्शाता है ?
4. कोलगांव का आन्दोलन अंततः क्या दर्शाता है ?
5. कोलगांव के ग्रामीणों ने अपने शांतिपूर्ण विरोध के दौरान कौन सा नारा अपनाया?
6.सरकार को अपने निर्णय पर पुनर्विचार करने में मुख्य रूप से किन दो कारकों के संयोजन ने विवश किया?

(1+1+1+1+1+1=6)

In the small village of Kolgaon, nestled between hills and farmland, life changed dramatically when a mining company was granted permission to extract bauxite from the nearby hillside. The villagers, who depended on the forest for firewood, grazing land and clean water from the streams that flowed down the slopes, grew anxious about the impact of large-scale mining on their livelihood. Initially, a few farmers began meeting informally under the village banyan tree to discuss their concerns. Over the following months, these gatherings grew into a well-organised campaign. A local school teacher, Meena Devi, emerged as a natural leader, helping villagers draft petitions and coordinate peaceful protests. The movement adopted the slogan

BSEB

"Our hills, our life" and organized human chains around the proposed mining site. They also reached out to journalists and an environmental lawyer in the nearby city, who helped them file a case in the State High Court. Although the mining company initially dismissed the protests as a temporary nuisance, the sustained pressure over nearly two years, combined with legal action, eventually forced the government to reconsider its decision. The movement in Kolgaon shows how ordinary villagers, through organization and collective will, can influence decisions that affect their lives.

1. What was the immediate cause of unrest movement among the villagers of Kolgaon?
2. Who emerged as a key leader of the movement according to the passage?
3. Which feature of a social movement is best illustrated by the villagers seeking help from journalists and environmental lawyers?
4. What does the movement in Kolgaon ultimately demonstrate?
5. What slogan did the villagers of Kolgaon adopt during their peaceful protest?
6.Which combination of factors ultimately forced the government to reconsider its decision?

अथवा / OR

वर्ष 1991 में भारत में एक गंभीर भुगतान संतुलन संकट का सामना किया, जिसने देश को व्यापक आर्थिक सुधारों को अपनाने के लिए मजबूर किया। इन सुधारों को उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण के नाम से जाना जाता है। उदारीकरण की नीति के तहत सरकार ने लाइसेंस राज को समाप्त किया व्यापार बाधाओं को कम किया और विदेशी निवेश के दरवाजे खोले। पिछले तीन से अधिक दशकों में, इस उदारवादी आर्थिक दृष्टिकोण के कारण भारत की विकास दर में भारी उछाल आया। सेवा क्षेत्र (IT और सेवाएं) वैश्विक स्तर पर चमका ही, गरीबी रेखा के करोडो लोग बाहर निकले है। और भारतीय उपभोक्ताओं को वैश्विक स्तर के उत्पाद और सेवाएं मिलने लगी है। तकनीकी नवाचार और स्टार्ट अप संस्कृति ने देश के युवाओं को नए अवसर दिए थे। हालांकि इसके साथ ही क्षेत्रीय असमानता और अमीर गरीब के बीच की खाई बढने जैसी चुनौतियां भी सामने आई।

In 1991 India faced a severe balance of payments crisis which forced the country to adopt sweeping Economic reform. These reforms known as liberalization, privatization and globalization under the liberalization policy the government abolished the "License raj" reduced trade barriers and opened the door to foreign investment.
Over the fast three decades this liberal Economic approach has led to meteoric rise in India's growth rate, the service sector (IT and service) has emerged globally, lifting million out of poverty and providing Indian consumers with access to world-class products and service. Technological innovation and the startup culture have provided new opportunities for the country's youth. however this has also brought challenges such as regional inequity and widening gap between rich and poor .

1) उदारीकरण के कारण कौन कौन से सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न हुए
What positive effects did liberalization bring.
2) उदारीकरण की नीति से कौन कौन सी चुनौतियां सामने आई
What challenges did the liberalization poling pose
3) वैश्विक स्तर पर भारत कौन कौन क्षेत्रों में चमका।
In which areas does India shine at the global level.
4) देश के युवाओं को किन किन नए अवसरों का मौका मिला।
What new opportunities did the youth of the country get.

BSER

5)वर्ष 1991 में भारत सरकार को व्यापक आर्थिक सुधार (LPG) अपनाने के लिए किस मुख्य आर्थिक संकट ने मजबूर किया था?
Which major economic crisis forced the Indian government to adopt sweeping economic reforms (LPG) in the year 1991?
6)उदारीकरण की नीति के तहत औद्योगिक क्षेत्र से व्यापारिक बाधाओं और लालफीताशाही को खत्म करने के लिए सरकार ने किस व्यवस्था को समाप्त किया?
Under the liberalization policy, which system was abolished by the government to remove trade barriers and bureaucracy in the industrial sector?

36) रमेश कुमार पिछले पच्चीस वर्षों से एक मध्यम आकार के शहर के बाजार में एक छोटी स्टेशनरी और किताबों की दुकान चला रहे थे। आस-पास के स्कूलों के छात्र हर सुबह उनकी दुकान पर नोटबुक, पेंसिल और पाठ्य पुस्तकें खरीदने आते थे, जबकि उनके माता-पिता अक्सर पत्रिकाएं देखने और वर्षों से परिचित रमेश का अभिवादन करने के लिए रुकते थे। लेकिन रमेश ने ग्राहकों की संख्या में लगातार गिरावट देखी । बड़ी ऑनलाइन खुदरा कंपनियों ने वही नोटबुक और स्टेशनरी सामान रियायती कीमतों पर, एक दिन के भीतर मुफ्त घर पहुंच सेवा के साथ देना शुरू कर दिया। शहर के बाहरी इलाके में नव निर्मित मॉल में किताबों की एक बड़ी श्रृंखला दुकान भी खुल गई, जो वातानुकूलित सुविधा और रमेश के स्टॉक से कहीं अधिक विस्तृत उत्पाद श्रृंखला उपलब्ध कराती थी। रमेश के पोते ने सुझाव दिया कि वे अधिक ग्राहकों तक पहुंचने के लिए किसी ऑनलाइन विक्रय मंच पर पंजीकरण कराएं, लेकिन स्मार्टफोन और डिजिटल भुगतान से अपरिचित रमेश को यह विचार कठिन लगा। उनकी मासिक आमदनी तेजी से गिर गई और वे सोचने लगे कि क्या इस तेजी से बदलते बाजार में उनके जैसे छोटे दुकानदारों के लिए कोई जगह बची है। फिर भी उनके कुछ पुराने ग्राहक आते रहे, क्योंकि वे उस व्यक्तिगत रिश्ते को और कठिन महीनों में उनके द्वारा दी गई उधार सुविधा को महत्व देते थे।

1. रमेश कुमार कौन-सा व्यवसाय चलाते थे?
2. रमेश के ग्राहकों में गिरावट के दो मुख्य कारण क्या थे?
3. गद्यांश में वर्णित ऑनलाइन खुदरा व्यापार और श्रृंखला दुकानों की वृद्धि भूमण्डलीकरण के किस पहलू को सर्वोत्तम रूप से दर्शाती है?
4. रमेश के पुराने ग्राहकों की निष्ठा क्या दर्शाती है?
5.रमेश के पोते ने अधिक ग्राहकों तक पहुँचने के लिए उन्हें क्या सलाह दी?
6.रमेश को ऑनलाइन बिक्री का विचार कठिन क्यों लगा?

(1+1+1+1+1+1=6)

Ramesh Kumar had run a small stationery and book shop in the market of a mid-sized town for over twenty-five years. Students from nearby schools would visit his shop every morning to buy notebooks, pencils and textbooks, while their parents often stopped by to browse magazines and greet Ramesh, whom they had known for years. However, Ramesh noticed a steady decline in customers. Large online retailers began offering the same notebooks and stationery items at discounted prices, with free home delivery within a day. A big chain bookstore also opened in the newly built mall on the outskirts of town, offering air-conditioned comfort and a much wider range of products than Ramesh could ever stock. Ramesh's grandson suggested that he register on an online selling platform to reach more customers, but Ramesh, unfamiliar with smartphones and digital payment, found the idea daunting. His monthly earnings fell sharply, and he began wondering whether small shopkeepers like him had any place left in this rapidly changing marketplace. Yet some of his older customers continued to visit, valuing the personal relationship and the credit he extended to them during difficult months.
1. What business did Ramesh Kumar run?

BSER

2. What are the two main reasons for the decline in Ramesh's customers?

3. Which aspect of globalisation is best illustrated by the growth of online retail and chain bookstores described in the passage?

4. What does the loyalty of Ramesh's older customers suggest?

5.What did Ramesh's grandson suggest to reach more customers?

6. Why did Ramesh find the idea of an online selling platform daunting?

अथवा / OR

भारत एक ऐसा देश है जहाँ विभिन्न धर्मों, भाषाओं, रीति-रिवाजों, परंपराओं और जीवन शैलियों के लोग एक साथ रहते हैं। एक शहर के सरकारी विद्यालय में अलग-अलग सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के विद्यार्थी पढ़ते हैं। विद्यालय में कुछ विद्यार्थी हिंदी बोलते हैं, जबकि कुछ अन्य भाषाएँ बोलते हैं। त्योहारों, खान-पान, पहनावे और धार्मिक मान्यताओं में भी उनके बीच अंतर है।
एक दिन विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की तैयारी के दौरान कुछ विद्यार्थियों ने अपनी संस्कृति को दूसरों से श्रेष्ठ बताया। कुछ विद्यार्थियों का उनकी भाषा और पहनावे के कारण मज़ाक उड़ाया गया। इससे विद्यालय में आपसी तनाव और भेदभाव की स्थिति उत्पन्न हो गई।
विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी विद्यार्थियों को एक साथ बैठाकर संवाद कराया तथा सभी संस्कृतियों के प्रति सम्मान, समानता और सहिष्णुता का महत्व समझाया।

India is a country where people belonging to different religions, languages, customs, traditions, and lifestyles live together. In a government school in a city, students from different cultural backgrounds study together. Some students speak Hindi, while others speak different languages. They also differ in their festivals, food habits, clothing, and religious beliefs.
One day, a cultural program was organized at the school. During the preparation, some students claimed that their own culture was superior to others. Some students were mocked because of their language and clothing. This led to mutual tension and discrimination among the students.
The school principal brought all the students together for a discussion and explained the importance of respecting all cultures, equality, and tolerance.

1. इस केस स्टडी में सांस्कृतिक विविधता से जुड़ी कौन-कौन सी चुनौतियाँ दिखाई देती हैं? (किन्हीं दो चुनौतियाँ का उल्लेख करें)
   What challenges related to cultural diversity are highlighted in this case study?
2. विद्यार्थियों के बीच भेदभाव और तनाव उत्पन्न होने के प्रमुख कारण क्या हैं? (कोई दो कारण)
   What are the major reasons for discrimination and tension among the students?
3. सांस्कृतिक विविधता समाज की शक्ति कैसे बन सकती है? (कोई दो सुझाव)
   How can cultural diversity become a strength of society?
4. विद्यालय में सांस्कृतिक सद्भाव स्थापित करने के लिए कौन-से उपाय किए जा सकते हैं? (कोई दो से उपाय)
   What measures can be taken to promote cultural harmony in the school?
5. प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों के बीच तनाव और भेदभाव की स्थिति को समाप्त करने के लिए किस प्रक्रिया को अपनाया?
   which process was adopted by the principal to resolve the situation of tension and discrimination among the students?
6. जब कोई व्यक्ति या समूह अपनी संस्कृति को ही श्रेष्ठ मानता है और दूसरी संस्कृतियों को हीन समझता है, तो समाजशास्त्र में इस अवधारणा को क्या कहा जाता है?
   When an individual or a group considers their own culture as superior and regards other cultures as inferior, what is this concept called in Sociology?

BSER

माध्यमिक परीक्षा, 2026–2027
Secondary Examination, 2026-2027
उत्तर कुंजी
Answer Sheet
विषय – समाजशास्त्र कक्षा – 12
Sub: Sociology Class: 12th

प्रश्न संख्या (Q. No.)	अपेक्षित उत्तर (Expected Answer)	मूल्यांकन मापदण्ड / रूब्रिक्स (Marks)	पाठ्यपुस्तक की पृष्ठ संख्या (Page No.)
	खण्ड – अ (Section A)		
1	(स) हरियाणा	1	30
2	(स) पराश्रित वर्ग	1	14
3	(द) चार	1	40
4	(स) ज्योतिबा फुले	1	42
5	(द) उपर्युक्त सभी	1	4
6	(द) तीन	1	33
7	(ब) बीहू	1	42
8	(स) 23 प्रतिशत	1	59
9	(ब) उदारीकरण	1	77
10	(स) मराठी	1	95
11	(ब) 1920	1	96
12	(ब) ऑल इण्डिया ट्रेड यूनियन कॉंग्रेस	1	123
13	(ब) अनुच्छेद 17	1	86
14	(स) 6	1	97
15	(ब) सती प्रथा	1	17
16	(अ) डॉ. भीमराव अम्बेडकर	1	139
	खण्ड – ब (Section B) — अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न		
17	मातृवंश – उत्तराधिकार, मातृतंत्र – प्रभुत्व/शक्ति; मातृवंश – नातेदारी, मातृतंत्र – शासन	1+1=2	61
18	1. आरक्षण 2. संवैधानिक और कानूनी प्रावधान	1+1=2	84
19	पाठ्यपुस्तक के अनुसार कोई दो बदलाव जैसे: संस्कृतिकरण: पुरानी पीढ़ी – कर्मकांड | नई पीढ़ी – प्रतीकात्मक; आधुनिकीकरण: पुरानी पीढ़ी – रूढ़िवादिता | नई पीढ़ी – तार्किकता	1+1=2	21,26
20	पाठ्य पुस्तक से पंचायत की दो शक्तियाँ जैसे: कर अधिरोपण (स्थानीय कर लगाना) विकास योजना (ग्रामीण योजना निर्माण)	1+1=2	34
21	किसानों का आत्मिक शोषण, गरीबी, नए वर्ग का उदय, असमानता	1+1=2	46
22	1. सेवा क्षेत्र विस्तार 2. ठेका व्यवस्था	1+1=2	61
	खण्ड – स (Section C) — लघुत्तरात्मक प्रश्न		
23	प्रथम अवस्था: जन्मदर और मृत्यु दर दोनों उच्च होती हैं। द्वितीय अवस्था: सबसे पहले मृत्युदर घटती है।	1+1+1=3	12

BSER

प्रश्न संख्या (Q. No.)	अपेक्षित उत्तर (Expected Answer)	मूल्यांकन मापदण्ड / रूब्रिक्स (Marks)	पाठ्यपुस्तक की पृष्ठ संख्या (Page No.)
	तृतीय अवस्था: दोनों दरें (जन्म और मृत्युदर) निम्न हो जाती हैं।(1 अंक)		
24	स्थायी — भौगोलिक वितरण: उत्तर व उत्तर-पूर्वी क्षेत्र, मध्य क्षेत्र, दक्षिणी क्षेत्र, द्वीपीय क्षेत्र, शारीरिक लक्षण, भाषा, जनसंख्या आधार; अर्जित — आर्थिक (आजीविका, खाद्य-संग्रहण), सांस्कृतिक (धर्म परिवर्तन) हिन्दू समाज में समावेश अथवा 1) जनगणना 2) भूराजस्व व्यवस्था 3) दलित व्यवस्था	1½+1½ =3	48 43
25	सामाजिक स्तरीकरण पीढ़ी-दर-पीढ़ी बना रहता है। व्यक्तियों के बीच विभिन्नता के इस प्रकार को समाज में एक विशिष्ट विश्वास या विचारधारा द्वारा समर्थन मिलता है।	1+1+1=3	88
26	सामाजिक न्याय: सभी को समान अवसर, अधिकार और वंचित वर्गों को विशेष संरक्षण देना। संविधान संशोधन: 73वां संविधान संशोधन अधिनियम, 1992। संवैधानिक मानदंड: अस्पृश्यता का अंत (अनुच्छेद 17)।	1+1+1=3	32,33
27	जमींदारी प्रथा उन्मूलन, काश्तकारी सुधार कानून, सीलिंग, चकबन्दी कानून, हदबन्दी	1+1+1=3	46, 47
28	ई-कॉमर्स, डिजिटल भुगतान, इलेक्ट्रॉनिक व्यापार, डिजिटल अवसंरचना प्रमुख तकनीक: इंटरनेट / इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर (ई.एफ.टी.)। मुख्य प्रभाव: पलक झपकते ही पूंजी का एक देश से दूसरे देश में स्थानांतरण।	1+1+1=3	78
29	प्रिन्ट मीडिया — मुद्रित समाचार-पत्र/पत्रिकाएँ (लिखित, समानांतर); इलेक्ट्रॉनिक — विद्युत तरंगें, इन्टरनेट माध्यम, प्रसारण, ऑडियो-वीडियो; निरक्षर भी समझ सकते हैं; सूचना तीव्र गति से अथवा 1) उच्च तकनीक पर आधारित 2) एक विशिष्ट व्यावसायिक क्षेत्र 3) श्रोताओं की व्यापकता एवं विभिन्नता	1+1+1=3	99, 103
30	जनसंख्या की ज्यामितीय वृद्धि खाद्य उत्पादन की गणितीय वृद्धि जनसंख्या नियंत्रण के अवरोध (निवारक एवं प्राकृतिक अवरोध)।	1+1+1=3	10
	खण्ड – द (Section D)		
31	व्यक्तिगत व पारिवारिक स्तर पर परवरिश में समानता, संवाद व भाषा में संवेदनशीलता, सोशल मीडिया की भूमिका / अथवा: विकास व पर्यावरण में संतुलन, ऊर्जा स्रोतों का पुनर्मूल्यांकन, बुनियादी ढांचे के डिजाइन में बदलाव, सतत विकास	2+2=4	111 to 130
32	भूमण्डलीकरण के नवीन आयाम — 1. आर्थिक आयाम 2. भूमण्डलीकरण व संचार 3. भूमण्डलीकरण व रोजगार / अथवा: स्वदेशी को बढ़ावा देना	1+1+1+1 =4	77–83, 145–146

BSER

प्रश्न संख्या (Q. No.)	अपेक्षित उत्तर (Expected Answer)	मूल्यांकन मापदण्ड / रूब्रिक्स (Marks)	पाठ्यपुस्तक की पृष्ठ संख्या (Page No.)
33	पाठ्यपुस्तक से (संस्कृतिकरण/पश्चिमीकरण अथवा पश्चिमीकरण/ पंथनिरपेक्षीकरण)	2+2=4	21,25 26.29
34	नगरीकरण और औद्योगीकरण अथवा औद्योगिकरण विविधता के साथ-साथ समानता	2+2=4	6 to 13
35	1. खनन कंपनी को कोलगांव के पास की पहाड़ी से बॉक्साइट निकालने/खनन करने की अनुमति मिलना। 2. मीनादेवी (गांव की शिक्षिका)। 3. बाह्य संसाधनों, कानूनी सहायता और मीडिया (पत्रकारों व पर्यावरण वकील) का संयोजन तथा सुव्यवस्थित संगठन व रणनीति। 4. यह दर्शाता है कि साधारण ग्रामीण संगठन, सामूहिक इच्छा शक्ति और शांतिपूर्ण संघर्ष के माध्यम से अपने जीवन को प्रभावित करने वाले सरकारी व नीतिगत निर्णयों को बदल सकते हैं। 5. "हमारी पहाड़ियां, हमारा जीवन" (Our hills, our life)। 6. (लगभग दो वर्षों तक बना रहा निरंतर सामूहिक दबाव (मानव श्रृंखला व प्रदर्शन)। उच्च न्यायालय में दायर कानूनी कार्रवाई। अथवा प्रश्न 1. उदारीकरण के दो सकारात्मक प्रभाव (कोई दो): ○ भारत की आर्थिक विकास दर में भारी उछाल। ○ करोड़ों लोगों का गरीबी रेखा से बाहर निकलना। ○ आईटी (IT) एवं सेवा क्षेत्र का विश्व स्तर पर विस्तार तथा नए रोजगार/स्टार्टअप अवसर। ○ उपभोक्ताओं को विश्वस्तरीय उत्पाद व सेवाएं मिलना। 2. उदारीकरण से उत्पन्न दो चुनौतियाँ (कोई दो): ○ क्षेत्रीय असमानता में वृद्धि। ○ अमीर और गरीब के बीच की आर्थिक खाई का बढ़ना। 3. वैश्विक स्तर पर भारत का चमकता क्षेत्र: ○ उत्तर: सेवा क्षेत्र (विशेषकर IT और सूचना/तकनीकी सेवाएं)। 4. युवाओं को मिले नए अवसर: ○ उत्तर: तकनीकी नवाचार और स्टार्ट-अप (Start-up) संस्कृति के माध्यम से नए रोजगार एवं उद्यमिता के अवसर। 5. 1991 का मुख्य आर्थिक संकट: ○ उत्तर: गंभीर भुगतान संतुलन संकट (Balance of Payments Crisis)। 6. समाप्त की गई औद्योगिक व्यवस्था: ○ उत्तर: 'लाइसेंस राज' (License Raj) की व्यवस्था।	1+1+1+1 +1+1=6	58 to 71
36	1. व्यवसाय: ○ उत्तर: एक छोटे शहर के बाजार में स्टेशनरी और किताबों की छोटी दुकान। 2. ग्राहकों में गिरावट के दो मुख्य कारण: ○ (i) बड़ी ऑनलाइन खुदरा (E-commerce) कंपनियों द्वारा रियायती दरों पर त्वरित होम डिलीवरी सेवा। ○ (ii) शहर के बाहरी मॉल में बड़ी चेन बुकस्टोर का खुलना (अधिक विकल्प व वातानुकूलित सुविधा)।	1+1+1+1 +1+1=6	104 to 124

ESER

प्रश्न संख्या (Q. No.)	अपेक्षित उत्तर (Expected Answer)	मूल्यांकन मापदण्ड / रूब्रिक्स (Marks)	पाठ्यपुस्तक की पृष्ठ संख्या (Page No.)
	3. भूमंडलीकरण का दर्शाया गया पहलू: ○ उत्तर: बड़े पूंजीपति/बहुराष्ट्रीय निगमों, ई-कॉमर्स बाजार का विस्तार और पारंपरिक स्थानीय बाजारों पर वैश्वीकरण का प्रभाव। 4. पुराने ग्राहकों की निष्ठा क्या दर्शाती है: ○ उत्तर: व्यक्तिगत सामाजिक संबंधों, सामाजिक पूंजी (Social Capital), आपसी विश्वास और कठिन समय में प्रदान की गई उधार/सहानुभूति सुविधा का महत्व। 5. पोते द्वारा दी गई सलाह: ○ उत्तर: ऑनलाइन विक्रय मंच (Online selling platform) पर पंजीकरण कराना। 6. विचार कठिन लगने का कारण: ○ उत्तर: स्मार्टफोन और डिजिटल भुगतान (Digital Payment) प्रणाली से अनभिज्ञता/अपरिचित होना (*डिजिटल विभाजन / Digital Divide*)। **अथवा / OR (प्रश्न 36)** 1. सांस्कृतिक विविधता की दो चुनौतियाँ (कोई दो): ○ अपनी संस्कृति को दूसरों से श्रेष्ठ मानने की भावना। ○ भिन्न भाषा, पहनावे या खान-पान के आधार पर पूर्वाग्रह, भेदभाव। ○ विद्यार्थियों के बीच आपसी तनाव और सामाजिक दूरी। 2. भेदभाव और तनाव के दो प्रमुख कारण: ○ (i) स्वजातिकेंद्रिकता/नृजातिकेंद्रिकता (Ethnocentrism) की भावना। ○ (ii) अन्य संस्कृतियों व बोलियों के प्रति असहिष्णुता तथा सांस्कृतिक समझ/सहानुभूति का अभाव। 3. सांस्कृतिक विविधता को समाज की शक्ति बनाने के सुझाव (कोई दो): ○ विविध संस्कृतियों का सम्मान करते हुए बहुसांस्कृतिक समझ और सहिष्णुता को बढ़ावा देना। ○ सांस्कृतिक आदान-प्रदान से समाज में समावेशिता, व्यापक दृष्टिकोण और बंधुत्व की भावना का विकास करना। 4. विद्यालय में सांस्कृतिक सद्भाव के उपाय (कोई दो): ○ सर्व-सांस्कृतिक उत्सवों, बहुभाषी गतिविधियों और प्रत्यक्ष संवाद कार्यक्रमों का आयोजन करना। ○ विद्यार्थियों में समानता, परस्पर सम्मान और समावेशी नागरिकता के मूल्यों की शिक्षा देना। 5. प्रधानाचार्य द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया: ○ उत्तर: सभी विद्यार्थियों को एक साथ बैठाकर प्रत्यक्ष संवाद कराया और समानता व सहिष्णुता का महत्व समझाया। 6. समाजशास्त्र में इस अवधारणा का नाम: ○ उत्तर: स्वजातिकेंद्रिकता / नृजातिकेंद्रिकता / स्वजातिधर्मिता • 1 अंक देय है (प्रत्येक प्रश्न में कुल 6 उप-प्रश्न = 6 अंक)।		
		योग / Total	**80**

BSER

BSER